कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक 03.11.2024

विषयः- वाराणसी भ्रमण के दौरान अपने ग्रुप से बिछड़ी पंजाब की रहने वाली 70 वर्षीय महिला को थाना कोतवाली पुलिस ने उनके ग्रुप से मिलाया।

आज दिनांक- 03.11.2024 को मोगा जिला पंजाब की रहने एक महिला अपने ग्रुप के साथ वाराणसी भ्रमण/दर्शन पूजन करने आई थीं, जो किसी कारण वस अपने ग्रुप से बिछड़ कर भटकते-भटकते थाना कोतवाली पहुंच गयी। वहां पर महिला हेल्प डेस्क व दिवसाधिकारी को अपनी बिछड़ जाने के बारे में अवगत कराया। वहां पर मौजूद महिला हेल्प डेस्क की महिला कर्मी व दिवसाधिकारी द्वारा तत्परता दिखाते हुए विछड़ी महिला से उनके घर पंजाब का पता पूछकर वहां के सम्बन्धित थाने से उनके गांव के सम्भ्रांत व्यक्ति के माध्यम से महिला के घर पर संपर्क स्थापित कर उनके ग्रुप के लोगो का पता करके ग्रुप के लोगों/परिजन को सुपुर्द किया गया। बिछड़ी महिला व परिजनो द्वारा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा करते हुए आभार प्रकट किया गया।

पुलिस टीम का विवरण –

1. उ0नि0 शिव शंकर थाना कोतवाली, कमिश्नरेट वाराणसी।
2. म0का0 नेहा पाण्डेय, थाना-कोतवाली, कमिश्नरेट-वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।